## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–28.04.2024 (दोपहर 1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी चार मई को पलामू में करेंगे चुनाव प्रचार, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कल चतरा में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में करेंगे जनसभा।
2. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी खूंटी और गुमला के बसिया में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए मांगेंगे वोट, झारखंड कांग्रेस प्रभारी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार का गिरिडीह दौरा आज, लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर करेंगे बैठक, बीएलओ से भी लेंगे जानकारी।
4. रांची नगर निगम के निवासी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं होल्डिंग टैक्स, 30 जून तक टैक्स जमा करने पर मिलेगी 10 फीसदी की छूट।
5. चीन के शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में रिकर्व पुरूष टीम स्पर्धा में भारत को मिला आज एक और स्वर्ण, अब तक भारत ने जीते 5 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक ।

******************

झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाएं तय की है। पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी और सांसद वीडी राम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन चार मई को पलामू में होने जा रहा है। इसके साथ ही खूंटी के सीमावर्ती इलाकों और लोहरदगा में भी प्रधानमंत्री की सभा होगी। खूंटी के तमाड़ में गृह मंत्री अमित शाह की सभा होगी जबकि उत्तर प्रदेश से सटे इलाकों में योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम तय किए गए हैं। कल चतरा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

******************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आगमन खूंटी के बसिया में मई माह के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी काली चरण मुंडा और लोहरदगा सीट से सुखदेव भगत के पक्ष में प्रचार करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी इसकी तैयारी कर रही है। खूंटी और बसिया में प्रस्तावित रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला के बसिया में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए।

******************

बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग की ओर से नियमित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में वोट वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि जिस उत्साह के साथ सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, इसी उत्साह के साथ आगामी 25 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन सभी घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

******************

झारखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त के रवि कुमार आज गिरिडीह जायेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त गिरिडीह संसदीय सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के कुछ बूथों का निरीक्षण कर सकते है। गिरिडीह जिला प्रशासन के साथ बाद में चुनाव तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त वीएलओ से बूथों पर बातचीत कर सकते हैं।

******************

गढ़वा में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के लिये पलामू संसदीय क्षेत्र के लिये भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से सामान्य प्रेक्षक के रूप में रेम्या मोहन मुदत को प्रतिनियुक्त किया गया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

रांची नगर निगम ने सूचना जारी कर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024—2025 के लिए होल्डिंग टैक्स ऑनलाइन भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। इसमें 30 जून तक पूरे वर्ष का टैक्स भुगतान करने पर 10 फीसदी की छूट दी जायेगी। इसके अलावा रांची नगर निगम के जनसुविधा केन्द्र एवं डोरण्डा अंचल जनसुविधा केन्द्र में भी भुगतान किया जा सकता है। पूरे वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिए 30 जून तक भुगतान किये जाने पर सात दशमलव पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। दिव्यांग, सशस्त्र बल, ट्रांसजेंडर और वरिष्ठ नागरिक को उक्त के अतिरिक्त पांच फीसदी की छूट प्रदान की जाती है।

******************

रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के वाहन पार्किंग एवं आवागमन में बढ़ती परेशानियों को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक मई से वाहन आवागमन एवं पार्किंग की व्यवस्था में बदलाव किया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्री टर्मिनल भवन के पास जाम को कम करने के लिए पुराने टर्मिनल बिल्डिंग के सामने तीन सौ पचास वाहनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थान आवंटित किया है। इस संबंध में एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में एयरपोर्ट पार्किंग शुल्क के लिए एक निर्धारित स्वचालित व्यवस्था लागू होगी।

******************

पाकुड़ जिला प्रशासन के निर्देश पर मंडल कारा में औचक छापेमारी हुई। मंडल कारा में छापेमारी अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा और एसडीपीओ दयानंद आजाद के नेतृत्व में देर रात की गई। इस छापेमारी अभियान मे किसी भी सेल से कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। एसडीओ प्रवीण केरकेट्टा ने बताया अलग—अलग टोली में बंटकर मंडल कारा के प्रत्येक वार्डों में सघन तलाशी ली गईं इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। मौके पर पाकुड़ जिले के सभी थाना के थाना प्रभारी सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष जवान मौजूद थे।

******************

हजारीबाग रोड के रानी मोड़ के समीप एक चलती पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई। दमकल वाहन से आग पर काबू पाया गया. वाहन में रखे कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक सामान जल कर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक गया बिहार से पार्सल लोड कर चतरा की ओर जा रहा था इसी बीच वाहन में आग लग गई।

******************

जमशेदपुर पुलिस ने बागबेड़ा थाना क्षेत्र से छिनतई और ब्राउन शुगर बिक्री करने के मामले में कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने बताया कि ब्राउन शुगर बिक्री से संबंधित सूचना मिलने पर एक टीम गठित कर छापामारी की गई। जहां से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। वहीं छिनतई गिरोह के पांच सदस्यों को भी गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है।

******************

चीन में शंघाई में तीरंदाजी विश्व कप में रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा में भारत ने स्वर्ण जीत लिया है। भारतीय तीरंदाज़ों–– धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की तिकड़ी ने दक्षिण कोरिया के मौजूदा ओलिंपिक चैंपियनों को हराकर यह खिताब जीता। यह पहला मौक़ा है जब तीरंदाज़ी के विश्व कप फाइनल में, भारत ने धुरंधर तीरंदाजो को पीछे छोड़कर जीत दर्ज की है। इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के शामिल होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। पूर्व विश्व नंबर–1 तीरंदाज दीपिका कुमारी को महिला रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में एक और पदक की तलाश है। इससे पहले, मौजूदा एशियाई चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कल महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता। प्रियांश ने पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में पहला विश्व कप रजत जीता।

******************

- सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन जमशेदपुर के तुलसी भवन में हिंदी रचनाधर्मिता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कल किया गया। इसकी अध्यक्षता संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी एवं संचालन पूनम महानंद ने की।
- मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जून में होगा। देवघर के इक्कीस हजार सात सौ अड़तालीस परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए देवघर के विभिन्न प्रखंडों में बनाये गये 59 परीक्षा केंद्रों की संभावित सूची झारखंड अधिविद्य परिषद को भेजा गया है।
- रांची में मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज मोराबादी मैदान में राष्ट्रीय युवा शक्ति की ओर से चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और चुनावी प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर मतदान करने का संकल्प व्यक्त किया।
- हजारीबाग के चुरचू क्षेत्र में 29 हाथियों का झुंड प्रवेश कर गया है। बीती रात झुंड ने ओरिया जंगल से निकल कर दो घरों को तोड़ दिया। सभी हाथी फिलहाल दारू वन प्रक्षेत्र के सिसामो जंगल में अपना आश्रय बनाए हुए हैं।

*********समाप्त*********